<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**18 सितंबर** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के पचीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू हुआ सेवा संकल्प अभियान। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वाराणसी से गुजरात के वडनगर तक की सेवा यात्रा को दिखाई हरी झंडी।
- सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश भर में हुए विविध आयोजन। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत राज्य भर में जलाए गए दीये।
- मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर मार्जिन मनी ऋण पोर्टल का किया शुभारंभ। योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किये चेक।
- आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की तैयारियां जारी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने महोबा में ईवीएम वेयर हाउस और स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छिहत्तरवें जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वाराणसी से कल सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री की कर्मभूमि वाराणसी से उनकी जन्मभूमि गुजरात के वडनगर जाने वाली 'सेवा संकल्प बाइक यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दो सौ पचास बाइकों पर सवार पांच सौ युवा इस यात्रा को पूरा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज देश क्वांटम कंप्यूटिंग, एआई मिशन, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

**आज भारत सेमी–कंडक्टर के क्षेत्र में तमाम यूनिट भारत के अंदर स्थापित करने में सफलतापूर्वक आगे बढ़ा है। उसका प्रोडक्शन करना प्रारंभ किया है। भारत क्वांटम कंप्यूटिंग में काम कर रहा है। भारत का एआई मिशन सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। भारत ड्रोन टेक्नोलॉजी के हब के रूप में अपने आप को स्थापित कर रहा है। रोबोटिक के क्षेत्र में भारत की सफलता नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।**

कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तकनीक को आम नागरिक की जिंदगी का हिस्सा बनाकर जीवन आसान बनाना ही प्रधानमंत्री का विजन है।

**कोई भी सोच भी नहीं सकता था कि हर नागरिक तक बैंक की सुविधा पहुंची लेकिन यह करिश्मा भी भारत में पहली बार यदि किसी ने किया है तो हमारे प्रधानमंत्री ने यूपीआई से लेनदेन यह हो सकता है। इसकी भी किसी ने कल्पना नहीं अब एक सेकंड में यूपीआई के माध्यम से आप यहां से चाहे दूसरे स्थान पर पैसा भेजना सही तरीके से भेज सकते हैं। साथियों मोदी जी ने टेक्नोलॉजी को बड़े शहरों और दफ्तरों से निकाल कर आज आम आदमी की रोजमर्रा जिंदगी का हिस्सा बनाने का काम किया है।**

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले बारह वर्षों में हर दिशा में अपनी सोच को स्थापित किया है और आज पूरी दुनिया की नजर भारत पर है। कार्यक्रम में शामिल हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आज देश बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है। आयोजन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी शामिल हुए। इस अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजा अर्चना की गयी और धाम के पुरोहित, आचार्यों तथा स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री के जनसेवा से राष्ट्र सेवा के पचीस वर्षों पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कल शाम राज्य भर में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश भर में कल शाम को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और लाभार्थियों ने सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों, घरों और प्रतिष्ठानों पर दीप जला कर सेवा संकल्प अभियान में हिस्सा लिया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत कल प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अहिल्याबाई घाट पर छिहत्तर बटुकों ने मां गंगा का पूजन किया और मां गंगा को छिहत्तर मीटर लम्बी चुनरी अर्पित की गई। लखनऊ में वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने वृहद सफाई अभियान शुरू किया। बस्ती जिले में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी ने सेवा सुशासन पखवाड़े की शुरुआत की। आगरा में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने भी सेवा संकल्प अभियान में हिस्सा लिया और कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का पचीस वर्ष का राजनीतिक सफर देश के विकास और सुशासन से जुड़ा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के तहत कल शाम प्रदेश भर में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस दौरान गोरखपुर में वहां के सदर सांसद रवि किशन शुक्ल की अगुवाई में कल शाम आशीर्वाद के दीये जलाए गए। एक अन्य कार्यक्रम में वहां के महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने मशाल जलाकर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद नगर निगम की ओर से करीब इक्यावन सौ दीये जलाए गए।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार वर्ष दो हजार सैंतालीस तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही है। इस अवसर पर हम सेवा संकल्प अभियान की विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रस्तुत है माईगॉव प्लेटफॉर्म को लेकर एक विशेष रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जब देश की बागडोर संभाली थी तो उनके सुशासन के विजन में सरकार और जनता के बीच सीधा और निरंतर संवाद स्थापित करने का विचार प्रमुखता से सामने आया। इसी सोच के साथ जुलाई 2014 में नागरिकों की भागीदारी के लिए माय गोव प्लेटफार्म की शुरुआत की ताकि नीति निर्माण में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित की जा सके। जनवरी 2024 में नई दिल्ली में एनसीसी कैडेट्स रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैडेट्स से माय गोव प्लेटफार्म पर जाकर विकसित भारत के लिए अपने सुझाव देने का आह्वान किया था।**

**विकसित भारत के निर्माण के लिए रोड मैप बनाने का काम चल रहा है। उसमें आपकी भागीदारी बहुत बड़ी है। आप जैसे युवाओं के लिए ही सरकार ने मेरा युवा भारत यानी माय भारत संगठन भी बनाया है मैं आप जैसे सभी युवाओं को कहूंगा कि मेरा युवा भारत संगठन में खुद को जरूर रजिस्टर कराए। आप माय गोव पर जाकर विकसित भारत के निर्माण के लिए भी अपने सुझाव दे सकते हैं। आपके सपने आपकी भागीदारी से ही पूरे होंगे। आप ही विकसित भारत के शिल्पी है।**

**इस माय गोव प्लेटफार्म पर इस साल जुलाई तक लगभग साढे छह करोड़ नागरिक अपना पंजीकरण करा चुके हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल 'भगवान विश्वकर्मा जयंती' के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में विश्वकर्मा स्वरोजगार और स्वदेशी मेला दो हजार छब्बीस पर आधारित प्रदर्शनी तथा मार्जिन मनी ऋण पोर्टल का शुभारंभ किया। इसकी शुरुआत विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के दूसरे चरण के तहत की गयी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और टूलकिट भी वितरित किये। इससे पहले, मुख्यमंत्री कल गोरखपुर में आयोजित विश्वकर्मा पूजनोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी हस्तशिल्पियों और कारीगरों को 'पीएम विश्वकर्मा' के रूप में एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है।

**नए भारत में प्रधानमंत्री मोदी जी ने आप सभी हस्तशिल्पी और कारीगरों को पीएम विश्वकर्मा के रूप में एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया है। प्रधानमंत्री जी का कहना है कि जो भी देश अपने हस्तशिल्पी और कारीगरों को, अपने आर्टिजन्स का सम्मान करता है, वह आगे बढ़ता है।**

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल महोबा में ईवीएम वेयर हाउस और स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण कर के निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे प्रदेश में तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग का एक प्रमुख उद्देश्य आगामी चुनाव के मतदान दिवस पर मशीनों में होने वाली खराबी की आशंकाओं को कम से कम करना है।

**********

मथुरा जिले के शेरगढ़ थाना क्षेत्र के सियारा गांव में कल शाम बोरिंग करते समय हुए एक विद्युत हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन के सम्पर्क में आने के कारण बोरिंग मशीन में करंट उतर आया।

**********